# ज्ञान सुरभि

4




# ज्ञान सुरभि

## भाग – 4

## हिंदी - भाषा III

प्रथम संस्करण 2024



# आमुख

**'ज्ञानम् परमम् ध्येयम्, ज्ञानम् परमम् बलम्'** अर्थात् ज्ञान ही परम लक्ष्य है और ज्ञान ही परम बल है| विद्या का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है| केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुसार भाषा ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है| अतः प्रारंभिक शिक्षा में भाषा को अधिक महत्त्व दिया हुआ है| इसी उपलक्ष्य में प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक **'ज्ञान सुरभि हिंदी भाषा III'** तैयार की गई है| यह पाठ्य श्रृंखला कक्षाएँ 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होगी| हर पाठ्यपुस्तक में कहानियों और पठित बोध के अलावा विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने हेतु वार्तालाप का भी प्रक्षेप किया गया है| यह सिद्दत है कि जो विद्या बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान का निर्माण करती है, वही संपूर्ण विद्या कहलाएगी| इसे ध्यान में रखते हुए हमारे गृह-प्राध्यापकों द्वारा क्रियाकलाप केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया हुआ है| इस पठन-सामग्री में बच्चों को मार्गदर्शन करनेवाली मूल्यपरक कहानियाँ सरल और बोधगम्य भाषा में बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई हैं| हर पाठ के आधार पर कठिन शब्दार्थ, बोध-प्रश्न और अन्य अभ्यास दिए हुए हैं, जो विद्यार्थियों की बौद्धिकता और बोधगम्यता के विकास में सहयोग देंगे| कक्षाएँ 3 से 5 तक की हर पाठ्यपुस्तक में गिनती, अनुवाद-अभ्यास के साथ-साथ विशेष रूप से घरेलू सामान, दाल, आभूषण, पशु-पक्षी से लेकर सभी प्रकार के सामान्य-ज्ञान का भी परिचय दिया गया है और कक्षाएँ 6 से 8 तक के लिए पत्र लेखन, पोस्टर-विज्ञापन लेखन का प्रतिपादन भी किया गया है, जो बच्चों के लिए भावी जीवन में काफ़ी मददगार रहेगा| कक्षाएँ 5 से 8 तक के पाठ्यक्रम में मुहावरों की चित्र सहित व्याख्या की गई है| हर पाठ के अभ्यासों के बाद गतिविधियों के अंतर्गत पाठ संबंधित अन्य जानकारियाँ और विचारमंथनात्मक अभ्यास भी समाहित हैं| पाठ्य सामग्री के प्रारंभ में, 'पुनर्कथन' के रूप में पिछले साल के अनिवार्य विषय और अंत में, 3 नमूने प्रश्न पत्र दिए गए हैं, जो छात्रों के लिए बहुत ही सहायक होंगे| प्रहर्ष की बात यह है कि इनमें छात्रों-अध्यापकों द्वारा खिंचित चित्रों का भी समावेश है| विद्यार्थियों के लिए एक संपूर्ण पाठ्य-सामग्री प्रदान करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है|

**सचिव**

चेन्नई | जून 2024

**तमिलनाडु आर्य समाज एडुकेशनल सोसायटी**

# Acknowledgements

**Lead Content Contributors**

Dr.S.Avudainayaki M.A.,B.Ed.,PGDT.,Ph.D

Smt.Alagulatha AL M.A.,B.Ed.,PGDT.,M.Phil.

**Content Contributors**

Smt.N.Meenacshi M.A.,B.Ed.,PGDT

Smt.Sumita Tiwari M.A.,B.Ed.

**Design and Technical Support**

Ms.Hamsavani Raman and Team

**Wrapper Design**

Smt.D.Madhuri DFA (Front wrapper)

Shri.S.Vignesh DFA (Back wrapper)

# विषय सूची


| क्रम संख्या | प्रकरण | विधा | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | पुनर्कथन | | 6 |
| 1 | कुएँ के पानी का  हकदार | कहानी | 8 |
| 2 | सप्ताह के दिन | सामान्य ज्ञान | 11 |
| 3 | हमारा तिरंगा | पठित बोध | 12 |
| 4 | सैर करने का महत्त्व | वार्तालाप | 13 |
| 5 | अनुवाद - I | सामान्य ज्ञान | 17 |
| 6 | गिनती | सामान्य ज्ञान | 18 |
| 7 | पेड़ों के भाग | सामान्य ज्ञान | 20 |
| 8 | अनोखा बीज | कहानी | 21 |
| 9 | जगहों के नाम | सामान्य ज्ञान | 24 |
| 10 | अनुवाद- II | सामान्य ज्ञान | 27 |
| 11 | मेरा बगीचा | वार्तालाप | 29 |
| 12 | पोशाक का महत्त्व | पठित बोध | 31 |
| 13 | आभूषणों और धातुओं के नाम | सामान्य ज्ञान | 33 |
| 14 | स्वाद | सामान्य ज्ञान | 35 |
| | नमूने प्रश्न पत्र | | 38 |

# पुनर्कथन (RECAPITULATION)

## RECAP I

### I अनुवाद-I

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Please go home. | कृपया घर जाइए। |
| 2. | Don't drink coffee. | कॉफी मत पीजिए। |
| 3. | Bring a pen. | कलम लाइए। |
| 4. | Take this paper. | यह कागज़ लीजिए। |
| 5. | Keep the book here. | पुस्तक इधर रखिए। |
| 6. | Play in the evening. | शाम को खेलिए। |
| 7. | Please come in. | अंदर आइए। |
| 8. | Come here with Ravi. | रवि के साथ इधर आइए। |
| 9. | Go there. | उधर जाइए। |
| 10. | Don't run. | मत दौड़िए/दौड़ना मत। |
| 11. | My spectacles are there. | मेरा चश्मा वहाँ है। |
| 12. | Drink milk. | दूध पीजिए। |
| 13. | Read the book. | पुस्तक पढ़िए। |
| 14. | Give me a pen. | मुझे एक कलम दीजिए। |
| 15. | Buy a pencil. | एक पेंसिल खरीदिए। |

### II रंगों के नाम

हरा लाल पीला नारंगी सफेद काला नीला

### III सगे संबंधियों के नाम

| | | |
|---|---|---|
| माता - पिता | चाचा - चाची | ताऊ - ताई |
| भाई - बहन | फूफा - बुआ | मौसा - मौसी |
| मामा - मामी | नाना - नानी | दादा - दादी |

# RECAP II

## I अनुवाद-II

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Please get up early in the morning. | सुबह जल्दी उठिए। |
| 2. | Sit on the chair. | कुर्सी पर बैठिए। |
| 3. | Don't go there. | उधर मत जाइए। |
| 4. | Write down the lesson. | पाठ लिखिए। |
| 5. | Look at the moon. | चाँद को देखिए। |
| 6. | Keep the clothes on the table. | मेज़ पर कपड़े रखिए। |
| 7. | Show me the picture. | मुझे चित्र दिखाइए। |
| 8. | Close your eyes. | आँखें बंद कीजिए। |
| 9. | Listen carefully. | ध्यान से सुनिए। |
| 10. | Join your hands. | हाथ जोड़िए। |
| 11. | Wash the dishes. | बरतन साफ़ कीजिए। |
| 12. | Drink enough water. | काफ़ी (पर्याप्त) पानी पीजिए। |
| 13. | Stand near the wall. | दीवार के पास खड़े हो जाइए। |
| 14. | Please get up from your place. | आप अपनी जगह से उठिए। |
| 15. | Call him. | उसको बुलाइए। |

## II पशु-पक्षियों के नाम

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गाय | शेर | हाथी | बाघ | घोड़ा | कुत्ता | बिल्ली |
| बतख | तोता | मोर | कोयल | हंस | चील | मुर्गा |


## III वाहनों के नाम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जहाज़ | हवाई जहाज़ | नाव | रेलगाड़ी | बैलगाड़ी | घोड़ागाड़ी |

# 1. कुएँ के पानी का हकदार

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गाँव | – ग्राम | Village | पानी | – जल | Water |
| पेड़ | – तरु | Tree | राजा | – नरेश | King |
| तलाश | – खोज | Search | | | |



एक गाँव में रविदास नामक एक किसान रहता था। वह बड़ा विनम्र था जो खेतीबारी करके जीवन-यापन करता था। एक बार पानी की कमी के कारण उसके खेत के सारे पेड़-पौधे सूख गए थे। वह बहुत चिंतित होकर खेत की सिंचाई के लिए पानी की तलाश करने लगा। उसके पड़ोस में एक कुआँ था। उसका मालिक केशव बहुत चालाक था। जब केशव को पता चला कि रविदास को पानी की बड़ी आवश्यकता है, तो उसके मन में एक उपाय सूझा। उसने रविदास से कहा कि वह अपना कुआँ दस ग्राम सोने में बेचने को तैयार है। रविदास ने प्रसन्न होकर केशव से वह कुआँ खरीद लिया। अगले दिन, जब वह अपने कुएँ से पानी लेने गया, तब केशव ने उसे पानी लेने से मना कर दिया।

रविदास के पूछने पर केशव ने जवाब दिया, "मैंने तुम्हें कुआँ बेचा है, इसका पानी नहीं"। दुखी होकर रविदास न्याय माँगने के लिए राजा के पास गया और उन्हें पूरी बातें बता दीं। राजा ने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे केशव को तुरंत ले आएँ। दरबार में राजा ने केशव से सवाल किया, "जब तुमने रविदास को अपना कुआँ बेच दिया है, तो फिर उसे कुएँ में से पानी क्यों लेने नहीं देते?" केशव ने जवाब दिया, "महाराज, मैंने उसे कुआँ तो बेचा है, लेकिन पानी नहीं। उसे कुएँ से पानी लेने का कोई अधिकार नहीं है।" राजा उस धूर्त केशव की चालाकी समझ गए। उन्होंने उसे एक सबक सिखाना चाहा।

राजा ने केशव से कहा, “देखो, जब तुमने कुआँ बेच दिया है, तो तुम्हें उसके कुएँ में पानी रखने का कोई अधिकार नहीं है। या तो तुम रविदास को किराया देते रहो, या अपने पानी को कुएँ में से तुरंत निकाल लो”। राजा की यह आज्ञा सुनकर केशव कुछ भी बोल नहीं पाया और उसने अपनी गलती समझकर रविदास से माफ़ी माँगी।

### शिक्षा

किसी को धोखा देना बड़ा पाप है।

## अभ्यास

### I विलोम शब्द लिखिए (केवल ज्ञान हेतु)

गाँव  राजा  खरीदना  न्याय

### II वचन बदलिए (केवल ज्ञान हेतु)

कुआँ  खेत  गलती  बात

### III लिंग बदलिए (केवल ज्ञान हेतु)

पड़ोसी  मालिक

### IV रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. एक गाँव में रविदास नामक एक ________ रहता था।
2. रविदास के पड़ोस में एक ________ था।
3. राजा उस धूर्त केशव की ________ समझ गए।
4. तुम रविदास को ________ देते रहो।

## V निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. केशव कैसे स्वभाव का था?
2. पेड़-पौधे क्यों सूख गए थे?
3. कुएँ का मूल्य क्या था?
4. किसने किसको कुआँ बेचा?
5. रविदास न्याय माँगने के लिए किसके पास गया?

## VI वाक्य बनाइए


धोखा   चालाक   अधिकार   पानी

## VII जोड़े बनाइए

| | | |
|---|---|---|
| खेतीबारी | - | किसान का पड़ोसी |
| रविदास | - | दस ग्राम सोना |
| केशव | - | बड़ा पाप है |
| धोखा देना | - | विनम्र किसान |
| कुएँ का दाम | - | जीवन-यापन |

## गतिविधि

आएँ, अंताक्षरी खेलें।



# 2. सप्ताह के दिन

## एक सप्ताह में सात दिन होते हैं।

| | |
|---|---|
| रविवार | SUNDAY |
| सोमवार | MONDAY |
| मंगलवार | TUESDAY |
| बुधवार | WEDNESDAY |
| गुरुवार | THURSDAY |
| शुक्रवार | FRIDAY |
| शनिवार | SATURDAY |

## अभ्यास

### I खाली जगह भरिए


1. एक सप्ताह में ______ दिन होते हैं।
2. सोमवार के बाद ______आता है।
3. गुरुवार और शनिवार के बीच में ______ आता है।
4. रविवार के पहले ________ आता है।

### II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. सप्ताह का अंतिम दिन कौन-सा है?
2. आपको किस दिन छुट्टी मिलती है?

## गतिविधि

सप्ताह एक्सप्रेस के डिब्बों में दिनों के नाम क्रम में लिखिए।



# 3. हमारा तिरंगा – पठित बोध



प्रत्येक देश का अपना एक राष्ट्रीय झंडा होता है। हमारा राष्ट्रीय झंडा 'तिरंगा' कहा जाता है। इस में सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी है, बीच की पट्टी सफेद रंग की और तीसरी पट्टी हरे रंग की है। ये तीनों रंग हमें बहुत ही मूल्यवान संदेश देते हैं। केसरिया रंग त्याग और बलिदान का प्रतीक है। सफेद रंग शांति और सच्चाई का प्रतीक है। हरा रंग हमारी धरती की हरियाली का प्रतीक है। सफेद रंग की पट्टी में नीले रंग का चक्र बना है। उसे अशोक चक्र कहते हैं। इसमें रहे चौबीस आर एक दिन के चौबीस घंटों के प्रतीक हैं। अशोक चक्र गतिशीलता को दर्शाता है। यह केवल खादी कपड़े से बनाया जाता है। भारत में कर्नाटक राज्य के बेंगिरि गाँव में ही राष्ट्रीय ध्वज बनाया जाता है। 'तिरंगा' हमारा गौरव है, हर भारतवासी के लिए प्राणों से भी महत्त्वपूर्ण है।

## निम्न दिए हुए प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए

**1. हमारे राष्ट्रीय ध्वज में कौन-कौन-से रंग हैं?**

नीला-पीला-लाल    केसरिया-सफ़ेद-हरा    केसरिया-सफ़ेद-गुलाबी

**2. अशोक चक्र का रंग क्या है?**

नीला    काला    नारंगी

**3. हमारा राष्ट्रीय ध्वज भारत में कहाँ बनाया जाता है?**

तमिलनाडु    गुजरात    कर्नाटक

**4. हमारा राष्ट्रीय ध्वज किस नाम से जाना जाता है?**

तिरंगा    त्रिरंगा    त्रिवर्ण

**5. राष्ट्रीय झंडे में हरा रंग किसका प्रतीक है?**

शांति-सच्चाई    त्याग-बलिदान    हरियाली

# 4. सैर करने का महत्त्व

**शब्दार्थ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बगीचा – उपवन | Garden | सैर – टहलना | To stroll |
| ताज़ी – नयी | Fresh | सूर्य – सूरज | Sun |
| मधुर – मीठा | Sweet | | |



**चाचा:** राहुल! आज तुम भी मेरे साथ सैर करने चलो।

**राहुल:** चाचा जी, अभी-अभी तो उठा हूँ। थका हुआ हूँ। कल से ज़रूर आऊँगा।

**चाचा:** नहीं राहुल! चलो, उठो! तैयार हो जाओ।

**(राहुल सैर के लिए तैयार हो जाता है। दोनों बगीचे की ओर जाते हैं।)**

**राहुल:** वाह! कितनी ताज़ी हवा है।

**चाचा:** हाँ, यहाँ कई पेड़–पौधे हैं न, इसलिए वातावरण शुद्ध है।

**राहुल:** चाचा जी, आप रोज़ सैर क्यों करते हैं?

**चाचा:** रोज़ कम से कम तीस मिनट टहलने से हम स्वस्थ रह सकते हैं, इसलिए मैं रोज़ सैर करता हूँ।

**राहुल:** मैं भी रोज़ आपके साथ सैर करने आऊँगा, लेकिन स्कूल के लिए देर हो जाएगी न।

**चाचा:** अगर तुम सचमुच मेरे साथ चलना चाहते हो, तो जल्दी उठा करो।

**राहुल:** हाँ, ज़रूर चाचा जी। कल से मैं ठीक छः बजे आपके साथ सैर करने आऊँगा। मैं माँ से मुझे उठाने

को कहूँगा।

**चाचा:** राहुल, सुबह-सुबह चिड़ियों की चहचहाहट तो सुनते हो न?

**राहुल:** हाँ, चाचा जी! कितनी मधुर आवाज़ है।

**चाचा:** देखो, पशु-पक्षी भी सूर्योदय के पहले ही बड़ी सुबह उठकर अपने काम पर लग जाते हैं, लेकिन तुम्हें तो रोज़ उठाना पड़ता है।



**राहुल:** आप ठीक कहते हैं चाचा जी। वे तो अपने आप उठते हैं। उन्हें तो जगाने वाले कोई नहीं।

**चाचा:** बिल्कुल सही, तुम्हें भी अपने आप जल्दी उठकर तैयार होना है।

**राहुल:** जी हाँ! मैं समझ गया, कल से मैं भी जल्दी उठूँगा और अपना सारा काम खुद करूँगा।

**चाचा:** प्रातः कालीन सैर न केवल सेहत के लिए अच्छा है, बल्कि मानसिक शक्ति भी बढ़ाता है। चलने को 'कसरतों की रानी' कहा जाता है।

**राहुल:** धन्यवाद चाचाजी! मैं आज से सैर करने को अपनी आदत बना लूँगा।

## अभ्यास

### I वचन बदलिए (केवल ज्ञान हेतु)

पक्षी    चिड़िया    बगीचा

### II लिंग बदलिए (केवल ज्ञान हेतु)

चाचा    चिड़िया    माँ

### III विलोम शब्द लिखिए (केवल ज्ञान हेतु)

स्वस्थ    सूर्योदय    सही    कल

### IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. चाचा जी रोज़ कहाँ जाते हैं?
2. बगीचे का वातावरण शुद्ध क्यों है?
3. पशु-पक्षी कब उठते हैं?
4. सैर करने से क्या लाभ है?

## V वाक्य बनाइए

हवा वातावरण आवाज़ सेहत

## VI जोड़े बनाइए

पक्षी - बगीचा

शुद्ध - चहचहाहट

सैर - आवाज़





मधुर - वातावरण

## VII रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. प्रातः कालीन सैर __________ शक्ति भी बढ़ाता है।
2. अपना सारा _________ खुद करूँगा।
3. रोज़ ________ मिनट टहलने से हम स्वस्थ रह सकते हैं।
4. चलने को 'कसरतों की ________' कहा जाता है।

## गतिविधि

खेल भी आपके लिए अच्छा व्यायाम है। चित्र में दिए हुए खेलों के बारे में कक्षा में चर्चा करके खेलों के नाम खाली डिब्बे में लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
|  |  |  |
|  |  | |

# गतिविधि

I आ/इ/ई/उ/ऊ मात्रा वाले शब्दों को ढूँढिए।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | नि | कु | पु | रू | म | का | ट | जा | सु |
| दि | न | ड | खी | न | च | ब | न | दु | ख |
| ल | की | तू | र | हु | तु | व | दा | तू | कू |
| श | ल | जू | आ | द | र | नी | र | क | जु |
| लू | नी | मू | वु | पी | ज़ा | सि | व | बू | कु |
| चि | सु | म | न | वी | बा | रि | नू | त | खा |
| गी | मि | सु | छु | दू | ध | णु | सू | र | ज |
| पु | वि | छ | ड़ी | ग | रू | छु | खू | बू | लु |
| भू | कि | व | ज | झ | मू | ल | ट | ज | ढ |

# 5. अनुवाद - I



| | |
|---|---|
| 1. Father is buying fruits. | पिताजी फल खरीद रहे हैं। |
| 2. Sister is chopping vegetables. | बहन सब्ज़ियाँ काट रही है। |
| 3. Mother is cooking food. | माँ/माताजी खाना बना रही हैं। |
| 4. The child is sleeping. | बच्चा सो रहा है। |
| 5. That lady is selling bananas. | वह औरत केले बेच रही है। |
| 6. She is drinking juice. | वह शरबत पी रही है। |
| 7. The boy is running fast. | लड़का तेज़ दौड़ रहा है। |
| 8. I am learning Hindi. | मैं हिंदी सीख रहा/रही हूँ। |
| 9. I am going to school. | मैं स्कूल जा रहा/रही हूँ। |
| 10. We are playing cricket. | हम क्रिकेट खेल रहे हैं। |
| 11. I am reading the newspaper. | मैं समाचार पत्र पढ़ रहा हूँ/रही हूँ। |
| 12. They are talking. | वे बातें कर रहे हैं। |
| 13. It is raining now. | अब बारिश हो रही है। |
| 14. My brother is going to the market. | मेरे भाई बाज़ार जा रहे हैं। |
| 15. The child is bringing a pen. | बच्चा एक कलम ला रहा है। |

# 6. गिनती




| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | १ | एक | | 16 | १६ | सोलह |
| 2 | २ | दो | | 17 | १७ | सत्रह |
| 3 | ३ | तीन | | 18 | १८ | अठारह |
| 4 | ४ | चार | | 19 | १९ | उन्नीस |
| 5 | ५ | पाँच | | 20 | २० | बीस |
| 6 | ६ | छः | | 21 | २१ | इक्कीस |
| 7 | ७ | सात | | 22 | २२ | बाईस |
| 8 | ८ | आठ | | 23 | २३ | तेईस |
| 9 | ९ | नौ | | 24 | २४ | चौबीस |
| 10 | १० | दस | | 25 | २५ | पच्चीस |
| 11 | ११ | ग्यारह | | 26 | २६ | छब्बीस |
| 12 | १२ | बारह | | 27 | २७ | सत्ताईस |
| 13 | १३ | तेरह | | 28 | २८ | अट्ठाईस |
| 14 | १४ | चौदह | | 29 | २९ | उनतीस |
| 15 | १५ | पंद्रह | | 30 | ३० | तीस |

# गतिविधि

चित्र देखकर उचित हिंदी  अंकों से वाक्य की पूर्ति कीजिए।



प्रस्तुत चित्र में ____________ घर हैं।

तालाब में _______________ बतख तैर रहे हैं।

तालाब में _____________ कमल खिले हुए हैं।

आकाश में ___________ पक्षी उड़ रहे हैं।

पेड़ों में कुल __________ आम पके हुए हैं।

इस चित्र में पेड़ों की संख्या __________ हैं।


तालाब के किनारे _________ लाल फूल खिले हुए हैं।

पहले घर में ________ खिड़कियाँ हैं।


# 7. पेड़ों के भाग


D.Madhuri
D.A.V, PKN

## पेड़ के भागों के नाम




### इनके नाम लिखिए

1.  ________ 2.  ________ 3.  ________

4.  ________ 5.  ________ 6.  ________

## अभ्यास

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

1. मिट्टी के अंदर होने वाले पेड़ के अंग का नाम लिखिए।
2. पेड़ के किन्हीं चार अंगों के नाम लिखिए।
3. पत्ते किस प्रकार पेड़ के लिए सहायक हैं?
4. ऐसा कौन-सा पेड़ है जो एक ही बार फल देता है?
5. फूल के बिना फल देने वाले पेड़ का नाम लिखिए।

# 8. अनोखा बीज

**शब्दार्थ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संतान – बाल-बच्चे | Children | मेहनत – परिश्रम | Hard work |
| रास्ता – राह | Way | शस्त्र – हथियार | Weapon |
| कोशिश – प्रयास | Effort | | |



एक समय की बात है, मेवाड़ प्रदेश में रजतसिंह नाम के राजा राज करते थे। वे बहुत दयालु और न्यायप्रिय राजा थे। उनकी कोई संतान नहीं थी। उन्हें केवल इस बात की चिंता थी कि उनके बाद उनके राज्य को कौन संभालेगा।

बहुत विचार करने के बाद उन्होंने अपने राज्य में एक घोषणा करवाई, "मैं अपने राज्य के सभी युवकों को एक अनोखा बीज दूँगा। छः महीनों के बाद सबके पौधों को देखकर यह निर्णय किया जाएगा कि कौन इस राज्य का राजकुमार बनने योग्य है।" इस घोषणा ने पूरे राज्य में धूम मचा दी। हज़ारों युवक बीज लेने राजमहल के पास एकत्रित हुए। सबको बीज बाँटे गए। उनमें देवदत्त नामक एक युवक था। उसके पिताजी एक गरीब किसान थे। देवदत्त न केवल अपने माता-पिता की, बल्कि सबकी सेवा करता था। वह भी बड़ी उम्मीद के साथ बीज घर ले आया। देवदत्त ने सावधानी से बीज को गमले में बो दिया। वह समय-समय पर पानी देकर खाद भी डालता था।



छः महीने गुज़र गए। वह दिन आ गया। सभी युवक अपना-अपना पौधा लेकर राजमहल जाने को तैयार हो रहे थे, परंतु देवदत्त उदास बैठा था। वह पौधा उगाने में असफल रहा। उसने अपने

पिताजी से कहा, "पिताजी! बहुत प्रयास करने पर भी पौधा नहीं उगा। शायद मुझसे कोई गलती हो गई। इस खाली गमले को लेकर मैं राजा के सामने कैसे जाऊँगा?" पिताजी ने देवदत्त को समझाते हुए कहा, "बेटा तुमने अपनी तरफ़ से पूरी कोशिश की, परंतु पता नहीं भगवान की क्या इच्छा है। तुम चिंता मत करो। यह गमला लेकर राजा के पास जाओ।" पिताजी के कहने पर देवदत्त अपना खाली गमला लेकर राजमहल पहुँचा।

सभी युवक हरे-भरे पौधों के साथ राजमहल में उपस्थित थे। पौधों के खिले फूलों से पूरा वातावरण महक रहा था, लेकिन देवदत्त खाली गमला लेकर खड़ा था। सब उस पर हँसने लगे, परंतु वह निश्चिंत खड़ा रहा। राजा पौधों को देखने वहाँ आए। सभी युवकों के हाथ में फूलों से लदे बड़े-बड़े पौधों को देखकर वे उदास हो गए।

अंत में राजा देवदत्त के पास गए। राजा को देखते ही देवदत्त ने सर झुकाकर कहा, "राजन! मुझे माफ़ कीजिए। मैंने बहुत कोशिश की, परंतु पौधे को उगा नहीं पाया।" राजा की खुशी का ठिकाना न रहा; उन्होंने देवदत्त को अपनी छाती से लगाया। तब मंत्री जी ने कहा, "हमारे महाराज ने गरम पानी में बीजों को उबालकर आप सबको देने का आदेश दिया था। ऐसे बीज कभी उग नहीं सकते। केवल तुम ही ईमानदार हो। बाकी सब पद पाने के लालच में दूसरे पौधे लाए हैं। तुम ही राजकुमार बनने योग्य हो। राजा ने देवदत्त को शस्त्र-शास्त्र विद्या प्राप्त करने के लिए गुरुकुल भेजा। देवदत्त ने श्रद्धा से विद्या प्राप्त की। आगे चलकर वह एक कुशल राजा बना।

**शिक्षा-** हमें हमेशा सच्चाई के रास्ते पर ही चलना चाहिए।

## अभ्यास

### I विलोम शब्द लिखिए (केवल ज्ञान हेतु)

देश     योग्य     गरीब     दयालु

### II लिंग बदलिए (केवल ज्ञान हेतु)

राजा     राजकुमार     युवक

### III वचन बदलिए (केवल ज्ञान हेतु)

पौधा     गमला     महीना     एक

### IV खाली जगह भरिए

1. राजा का नाम ______ था।
2. राजा ने राज्य में एक _____करवाई।
3. देवदत्त के पिताजी एक गरीब ______ थे।
4. हज़ारों ________ बीज लेने राजमहल के पास एकत्रित हुए।

5. तुम ही इस राज्य का ________ बनने योग्य हो।

## V वाक्य बनाइए

निर्णय उम्मीद इच्छा पौधा उदास

## VI जोड़े बनाइए

1. मेवाड़ प्रदेश – बीज
2. अनोखा – पौधे
3. हरे-भरे – सेवा
4. माता-पिता की – रजतसिंह

## VII निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. राजा कैसे स्वभाव के थे ?
2. देवदत्त क्यों उदास बैठा था?
3. राजा किसके गमले को देखकर प्रसन्न हुए?
4. राजा ने देवदत्त को गुरुकुल क्यों भेजा?

## गतिविधि

भारतीय संस्कृति में जीवन मूल्यों का बड़ा महत्त्व है। चित्र देखकर लिखिए कि आप कौन-सा जीवन मूल्य सीख पाते हैं? **(एकता, मेहनत, परोपकार)**

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
| ______________ | ______________ | ______________ |

न → स ________
न → र ________
न → ल ________

क → ल ________
क → र ________
क → म ________

# 9.जगहों के नाम



गाँव (VILLAGE)



बंदरगाह (HARBOUR)



बगीचा (GARDEN)



रेलवे स्टेशन (RAILWAY STATION)



समुद्र तट (BEACH)



खेत (FIELD)



हवाई अड्डा (AIRPORT)



किला (FORT)



चिड़ियाघर (ZOO)



बाज़ार (MARKET)




अस्पताल (HOSPITAL)



डाक घर (POST OFFICE)

## I निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. किसान कहाँ काम करते हैं?
2. किन्हीं पाँच जगहों के नाम लिखिए।
3. पुराने ज़माने में राजा-महाराजा प्रजा की सुरक्षा के लिए क्या बनाते थे?

## II जोड़े बनाइए

| | | |
|---|---|---|
| जहाँ पेड़-पौधे पलते हैं | - | समुद्र तट |
| पशु-पक्षियों का आवास | - | बंदरगाह |
| जहाँ चीज़ें बिकती हैं | - | अस्पताल |
| जहाँ हम हवा खाते हैं | - | चिड़ियाघर |
| जहाज़ों के ठहरने का स्थान | - | बाज़ार |
| जहाँ उपचार किया जाता है | - | बगीचा |

## गतिविधि

'पर्यावरण सुरक्षा – धरती की रक्षा' - इस विषय पर कक्षा में विचार-विमर्श करें।

# 10. अनुवाद - II



| | |
|---|---|
| 1. The dog is chasing a man. | कुत्ता एक आदमी का पीछा कर रहा है। |
| 2. Brother is watching a movie. | भाई सिनेमा देख रहे हैं । |
| 3. He is thinking of something. | वह कुछ सोच रहा है। |
| 4. The farmers are working in the field. | किसान खेत में काम कर रहे हैं। |
| 5. She is playing the Veena. | वह वीणा बजा रही है। |
| 6. He is breaking a coconut. | वह नारियल तोड़ रहा है। |
| 7. She is plucking flowers. | वह फूल तोड़ रही है। |
| 8. The monkey is climbing a tree. | बंदर पेड़ पर चढ़ रहा है। |
| 9. Grandfather is doing pooja. | दादाजी पूजा कर रहे हैं। |
| 10. The boy is shouting. | लड़का चिल्ला रहा है। |
| 11. A mango is falling down the tree. | पेड़ से एक आम गिर रहा है। |
| 12. Keep quiet. | चुप रहिए। |
| 13. It doesn’t matter. | कोई बात नहीं। |
| 14. Please help me. | कृपया मेरी मदद कीजिए। |
| 15. Call me when you get home. | घर जाकर फ़ोन कीजिए। |


# गतिविधि

## क्रिया शब्द सीखें

| | | |
|---|---|---|
| To come – आना | To close - | To catch - |
| To go – | To walk - | To buy - |
| To eat – | To bring - | To sell - |
| To sleep – | To write - | To take - |
| To play – | To change - | To cut - |
| To open – | To meet - | To pull - |

**दिए हुए शब्दों के सहारे कहानी की पूर्ति कीजिए।**

(चूहे टोकरी बिल्ली राजा खड़ा चूहों ऐनक ध्यान भाग सभा)



यहाँ __________ की ________ हो रही है। एक चूहा _________ पर __________ है। उसने _________ लगाई है। वह चूहों का __________है। सारे ______उसकी बात _________ से सुन रहे हैं। अचानक एक __________ आ जाती है और सारे चूहे __________ जाते हैं।

## एक अक्षर के साथ अलग-अलग अक्षर जोड़कर नए शब्द बनाइए।

क → मल ____________
क → लम ____________
क → मर ____________

न → गर ____________
न → मन ____________
न → कल ____________

# 11. मेरा बगीचा



**शब्दार्थ**

सब्ज़ी – तरकारी Vegetable
जानकारी – सूचना Information
फूल – सुमन Flower
मिट्टी – माटी Soil

**मनोज:** नमस्ते, माली काका! आप क्या कर रहे हैं?

**माली:** बेटा, पौधे लगा रहा हूँ।

**मनोज:** माली काका! आप कौन-सा पौधा लगा रहे हैं?

**माली:** बेटा, यह गुलाब का पौधा है।

**मनोज:** अच्छा, गुलाब के बीज कैसे होते हैं? इसे कैसे बोना है?

**माली:** बेटा, गुलाब के बीज नहीं होते। गुलाब की कलमें (stems) होती हैं। उन्हें काटकर मिट्टी में लगाया जाता है। उसीसे पौधे उग आते हैं।

**मनोज:** अच्छा, आप के बगीचे में और कौन-कौन-से फूल हैं?

**माली:** यहाँ जूही, बेला, चंपा, चमेली, गेंदा, गुलमोहर, रातरानी, सूरजमुखी आदि फूलों के पौधे हैं।

**मनोज:** क्या इन सभी के लिए कलमें ही लगाई जाती हैं?

**माली:** नहीं बेटा, सब के लिए कलमें नहीं लगाई जाती हैं। सूरजमुखी, गेंदा जैसे पौधों के लिए बीज ही बोए जाते हैं।

**मनोज:** सब्ज़ियाँ और फल कैसे उगाए जाते हैं?

**माली:** आलू, बैंगन, करेला, सेम, टमाटर, मूली जैसी सब्ज़ियों के लिए बीज ही बोए जाते हैं। आम, अनार, पपीता, कटहल, खजूर जैसे फल भी बीज से उगते हैं। केला, अदरक, पुदीना जैसे पौधे कलमों से उगते हैं।

**मनोज:** अच्छा, माली काका! मुझे आपसे फूलों और पौधों के बारे में खूब जानकारी मिली। मैं अपने बगीचे में पेड़-पौधे उगाने जा रहा हूँ। धन्यवाद।

## अभ्यास

### I.लिंग बदलिए (केवल ज्ञान हेतु)

काका  माली  बेटा

### II. वचन बदलिए (केवल ज्ञान हेतु)

सब्ज़ी  फल  फूल  कलम

### III. वाक्य बनाइए

बगीचा  उगाना  बीज  बोना

### IV प्रश्नोत्तर

1. माली काका क्या कर रहे थे?
2. बगीचे में किन-किन फूलों के पौधे थे?
3. गुलाब के पौधे कैसे उगाए जाते हैं?
4. बीज और कलम दोनों से उगने वाले पेड़ का नाम लिखिए।
5. यह संवाद किन-किन के बीच है?

## गतिविधि

चित्र देखकर फूलों के नाम लिखिए।






--------------- ----------------- -------------------- ------------------------

# 12. पोशाक का महत्त्व-पठित बोध



ईश्वर चंद्र विद्यासागर बंगाल के प्रसिद्ध विद्वान, शिक्षक और लेखक थे। एक धनी ने उनके लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया था। उसमें भाग लेने हेतु उस शहर के सभी धनी लोगों को निमंत्रण दिया हुआ था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर हमेशा की तरह धोती-कुरता पहनकर साधारण पोशाक में घुसे, तो दरबान ने उन्हें अंदर जाने नहीं दिया। ईश्वर चंद्र जी अपने कमरे में जाकर बढ़िया पोशाक और जूते पहनकर कार से आए, तो दरबान ने विनम्र भाव से प्रणाम करके अंदर जाने की अनुमति दी। सभा शुरू हुई। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने भाषण दिया। सभी लोग उनका भाषण सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए थे। उसके बाद प्रीतिभोज शुरू हुआ, परंतु ईश्वर जी ने भोजन नहीं किया। वे अपनी पोशाक को देखकर कहने लगे, "मेरे प्यारे कोट! खाओ! मेरे प्यारे जूते! तुम क्यों नहीं खाते हो?" उनकी यह क्रिया देखकर सब हैरान हो गए। मेज़बान तो अचरज में पड़ गए। बाद में पता चला तो उन्होंने दरबान के व्यवहार के लिए ईश्वर चंद्र विद्यासागर से माफ़ी माँगी।

## निम्न दिए हुए प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए

**1. ईश्वर चंद्र विद्यासागर कौन थे?**

कलेक्टर और विद्वान　　विद्वान और लेखक　　लेखक और मंत्री

**2. ईश्वर चंद्र विद्यासागर कहाँ के रहने वाले थे?**

बंगाल　　काशी　　तमिलनाडु

**3. दरबान ने पहले ईश्वर जी को अंदर भेजने से मना क्यों किया?**

वे छड़ी लेकर आए थे　　वे साधारण कपड़े पहनकर आए थे

उनके हाथ में टिकट नहीं था

**4. जब ईश्वर जी कोट-जूते पहनकर गए, तो दरबान ने क्या किया?**

कुर्सी पर बिठाया　　सम्मान स्वरूप प्रणाम किया　　मिठाई दी

**5. दरबान ने किन को सभा में जाने की अनुमति दी?**

केवल गरीबों को　　केवल धनी व्यक्तियों को　　केवल बच्चों को

**6. ईश्वर जी ने किन्हें खाना खाने को कहा?**


अपने बेटे को            अपने मित्रों को            अपने कपड़ों-जूतों को

**7. आपके विचार में  किसको महत्त्व दिया जाना चाहिए?**

धन को            ज्ञान को            सुख-सुविधाओं को

## गतिविधि

**I. गाय के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। (केवल ज्ञान हेतु)**



**II. अपने घर के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। (केवल ज्ञान हेतु)**



# 13. आभूषणों और धातुओं के नाम

## आभूषणों के नाम जान लें।




झुमका (EAR RING)



हार (NECKLACE)



अंगूठी (RING)



पायल (ANKLET)



कंगन (BRACELET)



चूड़ी (BANGLE)


## धातुओं के नाम:



सोना (GOLD)



चाँदी (SILVER)



ताँबा (COPPER)



पीतल (BRASS)



लोहा (IRON)



इस्पात (STEEL)

# अभ्यास

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. किन्हीं पाँच आभूषणों के नाम लिखिए।

2. किन्हीं पाँच धातुओं के नाम लिखिए।

# गतिविधि

## क. जोड़े बनाइए

25 साल पूरा होने पर मनाया जानेवाला उत्सव – प्लैटिनम जयंती

50 साल पूरा होने पर मनाया जानेवाला उत्सव – शताब्दी जयंती

60 साल पूरा होने पर मनाया जानेवाला उत्सव - रजत जयंती

75 साल पूरा होने पर मनाया जानेवाला उत्सव – स्वर्ण जयंती

100 साल पूरा होने पर मनाया जानेवाला उत्सव – हीरक जयंती

## ख. निम्न दिए गए चित्र को देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए



( किसानों तीन पोंगल आभार त्यौहार मिष्टान्न मेहनत बैलों सूर्य अन्न )

यह परिवार ------------- का उत्सव मना रहा है। यह फसलों का -------- है। इस त्यौहार के दिन ------- की वंदना की जाती है। इस दिन ---------- और ईख चढ़ाकर पूजा की जाती है। इस त्यौहार के द्वारा प्रकृति के लिए हम ---------- प्रकट करते हैं। यह ------------ दिनों का उत्सव है। दूसरे दिन खेतीबारी में मदद करनेवाले --------- का और तीसरे दिन हमारे अन्नदाता --------- का सम्मान करने के लिए यह उत्सव मनाया जाता है। हम थोड़ा भी ------ बर्बाद नहीं करेंगे, किसानों की --------का सम्मान करेंगे।

# 14. स्वाद




## तीखा (Spicy)

तीखापन सूजन और कैंसर का खतरा कम करता है। पाचन शक्ति बढ़ाता है।



## मीठा (Sweet)

मिठास शरीर को शक्ति प्रदान करती है।



## कड़वा (Bitter)

कड़वाहट शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालती है।




## नमकीन (Salty)

नमक के बिना खाना निस्स्वाद हो जाता है, यह शरीर में पानी को बचाकर रखता है।



## खट्टा (Sour)

खट्टापन पाचन शक्ति बढ़ाता है।



## कसैला (Astringent)

कसैलापन हड्डियों को मज़बूत बनाता है और पेट संबंधी रोगों के लिए अच्छा है।

# अभ्यास

## I रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

(मीठा खट्टा कसैली कड़वा तीखे)

1. नारंगी का रस बहुत -------- होता है।
2. गुलाब जामुन -------- है।
3. करेला -------- होता है।
4. मुझे -------- समोसे पसंद हैं।
5. सुपारी ---------- होती है।

## II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. आपकी माँ घर में कौन-कौन सी मिठाइयाँ बनाती हैं?
2. पारंपरिक खाना, जंक फ़ूड - इनमें से कौन-सा सेहत के लिए अच्छा है?
3. आपका सबसे ज़्यादा पसंदीदा खाना कौन-सा है?

# गतिविधि

**चित्र में दी हुई चीज़ों के स्वाद का नाम लिखिए।**



















# SAMPLE PAPER 1

**PORTIONS:** 1. कुएँ के पानी का हकदार  2. सप्ताह के दिन
3. हमारा तिरंगा  4. सैर करने का महत्त्व
5. गिनती (1-10)  6. अनुवाद - I
7. RECAP I

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons (EXCEPT FOR केवल ज्ञान हेतु) & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination

CLASS : IV  **HINDI LANGUAGE III**  TIME: 1 ½ HRS

DATE:  MAX MARKS: 50

1. **किन्हीं तीन रंगों के नाम लिखिए।** 3x1=3

2. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** 3x1=3
   तीन चौदह बारह आठ

3. **अंग्रेजी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** 4x1=4
   सूर्य बगीचा गाँव मधुर तलाश

4. **वाक्य बनाइए (कोई 4)** 4x1=4
   हवा आवाज़ पानी अधिकार सेहत

5. **सही मिलान कीजिए** 4x1=4
   a. कुएँ का दाम - वातावरण
   b. धोखा देना – चहचहाहट
   c. शुद्ध - दस ग्राम सोना
   d. पक्षी - बड़ा पाप है

6. **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** 4x1=4
   [काम मंगलवार रानी किसान शनिवार ]
   a. सोमवार के बाद ---------------- आता है।
   b. एक गाँव में रविदास नामक एक ---------- रहता था।
   c. अपना सारा----------- खुद करूँगा।
   d. चलने को 'कसरतों की -----------' कहा जाता है।

7. **सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. अशोक चक्र का रंग क्या है?
नीला काला नारंगी

b. राष्ट्रीय झंडे में हरा रंग किसका प्रतीक है?
शांति-सच्चाई त्याग-बलिदान हरियाली


c. हमारा राष्ट्रीय ध्वज भारत में कहाँ बनाया जाता है?
तमिलनाडु गुजरात कर्नाटक

d. आपको किस दिन छुट्टी मिलती है?
रविवार शनिवार शुक्रवार

e. हमारे राष्ट्रीय ध्वज में कौन-कौन-से रंग हैं?
नीला-पीला-लाल केसरिया-सफ़ेद-हरा केसरिया-सफ़ेद-गुलाबी

8. **चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए** (NON-TEXTUAL) 5x1=5

| |
|---|
| **घर किसान बैलों गाँव शहर आदमी** |



a. यह एक --------------का चित्र है।

b. एक -------------- नारियल के पेड़ पर चढ़ रहा है।

c. खेत में ---------------काम कर रहे हैं।

d. तालाब के किनारे तीन -------------- हैं।

e. एक किसान दो ------------- को सड़क पर ले जा रहा है।

9. **हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7x1=7

a. Drink milk.
b. Don’t run.
c. The child is sleeping.
d. I am going to school.
e. Please go home.
f. Give me a pen.
g. Take this paper.
h. Go there.

10. **अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7x1=7

a. बहन सब्ज़ियाँ काट रही है।

b. हम क्रिकेट खेल रहे हैं।

c. अब बारिश हो रही है।

d. शाम को खेलिए।

e. रवि के साथ इधर आइए।

f. मेरे भाई बाज़ार जा रहे हैं।

g. बच्चा सो रहा है।

h. वह शरबत पी रही है।

11. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** 5x1=5

a. केशव कैसे स्वभाव का था?

b. पेड़-पौधे क्यों सूख गए थे?

c. किसने किसको कुआँ बेचा?

d. पशु-पक्षी कब उठते हैं?

e. बगीचे का वातावरण शुद्ध क्यों है?

f. सैर करने से क्या लाभ है?

# SAMPLE PAPER 2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **PORTIONS:** | 1. | पेड़ों के भाग | 2. | अनोखा बीज |
| | 3. | जगहों के नाम | 4. | मेरा बगीचा |
| | 5. | पोशाक का महत्त्व | 6. | आभूषणों और धातुओं के नाम |
| | 7. | स्वाद | 8. | गिनती (16-30) |
| | 9. | अनुवाद-II | 10. | RECAP - II |

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons (EXCEPT FOR केवल ज्ञान हेतु) & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination

CLASS : IV **HINDI LANGUAGE III** TIME: 1 ½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

1. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** 3x1=3

   अठारह बीस पच्चीस उनतीस

2. **किन्हीं तीन पक्षियों के नाम लिखिए।** 3x1=3

3. **अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

   रास्ता फूल मिट्टी कोशिश सब्ज़ी

4. **वाक्य बनाइए (कोई 4)** 4x1=4

   इच्छा उदास उगाना बगीचा पौधा

5. **सही मिलान कीजिए** 4x1=4

   जहाँ पेड़-पौधे पलते हैं - पौधे
   जहाँ उपचार किया जाता है - बगीचा
   माता-पिता की - अस्पताल
   हरे-भरे - सेवा

6. **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** 4x1=4

[ मीठा कसैली युवक खट्टा किसान ]

a. हज़ारों ---------- बीज लेने राजमहल के पास एकत्रित हुए।

b. देवदत्त के पिताजी एक गरीब ---------- थे।

c. नारंगी का रस बहुत -------- होता है।

d. सुपारी ---------- होती है।

7. **सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. ईश्वर चंद्र विद्यासागर कहाँ के रहने वाले थे?

बंगाल काशी तमिलनाडु

b. निम्नलिखित शब्दों में से वाहन कौन-सा है?

पीतल रेलगाड़ी कोयल

c. ईश्वर जी ने किन्हें खाना खाने को कहा?

अपने बेटे को अपने मित्रों को अपने कपड़ों-जूतों को

d. ईश्वर चंद्र विद्यासागर कौन थे?

कलेक्टर और विद्वान विद्वान और लेखक लेखक और मंत्री

e. दरबान ने किनको सभा में जाने की अनुमति दी?

केवल गरीबों को केवल धनी व्यक्तियों का केवल बच्चों को

8. **चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए** (NON-TEXTUAL) 5x1=5

| **नारियल नीचे नदी पक्षी आम नाव** |
| --- |

a. इस चित्र में एक लड़का ---------के किनारे पर बैठा है।

b. वह कागज़ की --------------- बना रहा है।

c. दूर घर के पास दो ---------- के पेड़ हैं।

d. वह लड़का एक पेड़ के ----------- बैठा है।

e. आकाश में ------------- उड़ रहे हैं।



9. **हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7x1=7

a. She is plucking flowers.

b. Brother is watching a movie.

c. Grandfather is doing pooja.

d. Drink enough water.

e. Don’t go there.

f. Listen carefully.

g. The boy is shouting.

h. Keep quiet.

10. **अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7x1=7

a. पाठ लिखिए।

b. उसको बुलाइए।

c. लड़का चिल्ला रहा है।

d. कोई बात नहीं।

e. पेड़ से एक आम गिर रहा है।

f. वह नारियल तोड़ रहा है।

g. किसान खेत में काम कर रहे हैं।

h. हाथ जोड़िए।

11. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** 5x1=5

a. पेड़ के किन्हीं चार अंगों के नाम लिखिए।

b. राजा किसके गमले को देखकर प्रसन्न हुए?

c. किसान कहाँ काम करते हैं?

d. माली काका क्या कर रहे थे?

e. आपकी माँ घर में कौन-कौन सी मिठाइयाँ बनाती हैं?

f. बीज और कलम दोनों से उगने वाले पेड़ का नाम लिखिए।

# SAMPLE PAPER 3

**PORTIONS:**

| | |
|---|---|
| 1. कुएँ के पानी का हकदार | 2. सप्ताह के दिन |
| 3. हमारा तिरंगा | 4. सैर करने का महत्त्व |
| 5. पेड़ों के भाग | 6. अनोखा बीज |
| 7. जगहों के नाम | 8. मेरा बगीचा |
| 9. पोशाक का महत्त्व | 10. आभूषणों और धातुओं के नाम |
| 11. स्वाद | 12. गिनती (1-30) |
| 13. अनुवाद -I & II | 14. RECAP I & II |

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons (EXCEPT FOR केवल ज्ञान हेतु) & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : IV **HINDI LANGUAGE III** TIME: 1 ½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

1. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** 3x1=3

   आठ उन्नीस इक्कीस सत्ताईस

2. **किन्हीं तीन पशुओं के नाम लिखिए।** 3x1=3

3. **अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

   मधुर जानकारी मेहनत कोशिश फूल

4. **वाक्य बनाइए (कोई 4)** 4x1=4

   निर्णय उम्मीद बीज हवा उदास

5. **सही मिलान कीजिए** 4x1=4

   a. सैर – बंदरगाह

   b. शुद्ध – रजतसिंह

   c. मेवाड़ प्रदेश – वातावरण

   d. जहाज़ों के ठहरने का स्थान – बगीचा

6. **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** 4x1=4

[ कड़वा राजकुमार मानसिक घोषणा किसान ]

a. राजा ने राज्य में एक __________ करवाई।

b. करेला __________ होता है।

c. तुम ही इस राज्य का __________ बनने योग्य हो।

d. प्रातः कालीन सैर __________ शक्ति भी बढ़ाता है।

7. **सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. दरबान ने पहले ईश्वर जी को अंदर भेजने से मना क्यों किया?

वे छड़ी लेकर आए थे वे साधारण कपड़े पहनकर आए थे उनके हाथ में टिकट नहीं था

b. जब ईश्वर जी कोट-जूते पहनकर गए, तो दरबान ने क्या किया?

कुर्सी पर बिठाया सम्मान स्वरूप प्रणाम किया मिठाई दी

c. हमारे राष्ट्रीय ध्वज में कौन-कौन-से रंग हैं?

नीला-पीला-लाल केसरिया-सफ़ेद-हरा केसरिया-सफ़ेद-गुलाबी

d. राष्ट्रीय झंडे में हरा रंग किसका प्रतीक है?

शांति-सच्चाई त्याग-बलिदान हरियाली

e अशोक चक्र का रंग क्या है?

नीला काला नारंगी


8. **चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए** (NON-TEXTUAL) 5x1=5

| छड़ी | स्कूल | बिल्ली | पेड़ | लड़के | कुत्ता |
|---|---|---|---|---|---|

a. इस चित्र में तालाब के किनारे आम का एक ---------- है।

b. तीन ----------- आम तोड़ रहे हैं।

c. तीनों ---------- से वापस आ रहे हैं।



d. उनके पास एक -------------खड़ा है।

e. पहले लड़के के हाथ में एक -------है।

9. **हिंदी  में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7x1=7

a. Play in the evening.

b. Don’t go there.

c. The boy is running fast.

d. They are talking.

e. The boy is shouting.

f. Please come in.

g. Close your eyes.

h. Join your hands.

10. **अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 7)** 7x1=7

a. मेज़ पर कपड़े रखिए।

b. मुझे एक कलम दीजिए।

c. वह शरबत पी रही है।

d. अब बारिश हो रही है।

e. वह वीणा बजा रही है।

f. वे बातें कर रहे हैं।

g. कोई बात नहीं।

h. घर जाकर फोन कीजिए।

11. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** 5x1=5

a. चाचा जी रोज़ कहाँ जाते हैं?

b. ऐसा कौन-सा पेड़ है जो एक ही बार फल देता है?


c. राजा किसके गमले को देखकर प्रसन्न हुए?

d. किन्हीं पाँच आभूषणों के नाम लिखिए।

e. बगीचे में किन-किन फूलों के पौधे थे?

f. किसान कहाँ काम करते हैं?

Books are a source of true knowledge



MRP: ₹100/-

9 788197 320040